UNIVERSITY NEWS 17 NOVEMBER 2026

AMAR UJALA

विद्यार्थियों ने सीखीं नई तकनीकें

लखनऊ। लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग के एमएससी पर्यावरण विज्ञान के 15 विद्यार्थियों ने 13 से 16 नवंबर तक चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना के मार्गदर्शन में हुए भ्रमण का नेतृत्व प्रो. श्याम नारायण पांडेय और डॉ. नेहा साहू ने किया। विद्यार्थियों ने पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और नॉर्मन ई. बोरलॉग फसल अनुसंधान केंद्र में फसल अनुसंधान, पादप रोगों की पहचान और टिकाऊ प्रबंधन की तकनीकें जानीं। भ्रमण से विद्यार्थियों को अनुसंधान और औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिला। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रवेश अनुदान की प्रक्रिया का अंतिम दिन आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों को सत्र 2026-27 में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश अनुदान (एडमिशन ग्रांट) की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर मंगलवार दोपहर 12 बजे तक पूरी करनी होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

लविवि में सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में मंगलवार (17 नवंबर) से सत्र 2026-27 की स्नातक, परास्नातक और अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षा के के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने के बाद ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, पहली पाली के परीक्षार्थियों को सुबह 7:30 बजे और दूसरी पाली के परीक्षार्थियों को सुबह 10:30 बजे से गेट नंबर एक, तीन (विवेकानंद द्वार) और सात से प्रवेश दिया जाएगा।

परीक्षा ड्यूटी में आने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को गेट नंबर एक, तीन और 27 के पास बने वाहन स्टैंड पर वाहन खड़े करने होंगे। परीक्षार्थियों को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग और पाठ्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी। विद्यार्थियों को आवंटित सीट पर ही बैठना होगा। अभिभावकों को परिसर के बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

I NEXT

एलयू में परीक्षाएं आज से, निर्देश जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में 17 नवंबर से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रथम पाली में सुबह 7:30 और द्वितीय पाली में 10:30 बजे से गेट संख्या 1, 3 और 7 से प्रवेश मिलेगा। मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण और बैग प्रतिबंधित है। परीक्षार्थियों को निर्धारित कक्ष में बैठना होगा। अभिभावकों को परिसर के बाहर रहने तथा अनधिकृत वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। एग्जाम को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अनुसंधान संस्थानों का किया भ्रमण

लखनऊ यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग ने एमएससी पर्यावरण विज्ञान के 15 विद्यार्थियों के लिए 13 से 16 नवंबर तक चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया था। भ्रमण में विद्यार्थियों ने पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आइसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली और त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का दौरा किया और वहां किस तरह काम किया जा रहा है, इसकी विस्तार से जानकारी हासिल की है।

AMRIT VICHAR

दोपहर तक समर्थ पोर्टल पर देना होगा एडमिशन ग्रांट

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के महाविद्यालयों को सत्र 2026-27 में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर एडमिशन ग्रांट आज 12 बजे तक अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कुलपति के निर्देशानुसार वर्तमान सत्र 2026-27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की समर्थ पोर्टल पर एडमिशन ग्रांट की प्रक्रिया हर हाल में समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाए।

VOICE OF LUCKNOW

एलयू के छात्रों ने किया भारत के प्रमुख अनुसंधान संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण



विशेष संवाददाता (VOI)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान के 15 विद्यार्थियों के लिए 13 से 16 नवंबर तक चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना के मार्गदर्शन में टूर कोऑर्डिनेटर प्रो. श्याम नारायण पांडेय एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान, औद्योगिक प्रक्रियाओं, कृषि नवाचारों तथा पर्यावरणीय सतत विकास के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था।

भ्रमण के दौरान दो दिन विद्यार्थियों ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में पादप रोग विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक प्रो. आनंद कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास तथा कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में इसके अग्रणी योगदान से परिचित कराया। छात्रों ने इस दौरान उन्होंने पादप रोगों, रोगजनकों की पहचान, रोग निदान तथा टिकाऊ रोग प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

विद्यार्थियों ने आईसीएआर, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली का भ्रमण किया। यहां संस्थान के संग्रहालय में प्रदर्शित वस्तुओं एवं वैज्ञानिक उपकरणों का अवलोकन किया तथा शरीर रचना विज्ञान प्रयोगशाला का भी दौरा किया।

NBT

एलयू की परीक्षाएं आज से, चार लाख छात्र होंगे शामिल

■ NBT रिपोर्ट, **लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से सेमेस्टर परीक्षाओं का आगाज होने जा रहा है। 288 केंद्रों पर चार लाख से अधिक छात्र इस बार एलयू की परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे हैं। लखनऊ में परीक्षा के लिए 55 केंद्र बनाए गए हैं। विवि की ओर से सोमवार को वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा सभी केंद्रों को सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। एलयू में परीक्षा के दौरान बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।



AI Image

HINDUSTAN

समर्थ पर एडमिशन ग्रांट आज तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं की एडमिशन ग्रांट प्रक्रिया पूरी करने के लिए विश्वविद्यालय ने अवसर दिया है। समर्थ पोर्टल पर एडमिशन ग्रांट की लंबित प्रक्रिया 17 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी। कुलपति के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

AMRIT VICHAR

स्वगणना प्रशिक्षण



स्वगणना कार्यक्रम मे उपस्थित शिक्षक व छात्र ।

लखनऊ, अमृत विचार : लविवि के अंग्रेजी व आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग द्वारा स्मार्ट तैय में स्वजनगणना प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वजनगणना की प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे संबंधित आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। इस अवसर पर जनगणना के महत्व, उसकी प्रक्रिया तथा जनगणना में नागरिकों की सहभागिता के विषय में जानकारी प्रदान करने पर बल दिया गया।

DAINIK JAGRAN

लवि में परीक्षाएं आज से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 17 नवंबर से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रथम पाली में सुबह 7:30 और द्वितीय पाली में 10:30 बजे से गेट संख्या 1, 3 और 7 से प्रवेश मिलेगा। मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण और बैग प्रतिबंधित है। परीक्षार्थियों को निर्धारित कक्ष में बैठना होगा। अभिभावकों को परिसर के बाहर रहने तथा अनधिकृत वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। (वि.)

AMRIT VICHAR

छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग ने एमएससी पर्यावरण विज्ञान के 15 विद्यार्थियों के लिए 13 से 16 नवंबर तक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। दो दिन विद्यार्थियों ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में बिताए। यहां पादप रोग विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक प्रो. आनंद कुमार तिवारी ने विवि के बारे में जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय एवं नॉर्मन ई. बोरलॉग फसल अनुसंधान केंद्र का भी भ्रमण किया। इसके बाद आईसीएआर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर, बरेली का भ्रमण किया।

TIMES OF INDIA

Grievance box, city guide for LU's international students

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: From a dedicated grievance box and monthly meetings to hostel complaint charts and maps of Lucknow's eateries and cafes, foreign student representatives on Lucknow University's Meritorious Students Council have drawn up plans to address everyday concerns of international students and help them settle in the city.

M CAMPUS

For the first time, Lucknow University has included international students in its Meritorious Students Council, giving them a platform to represent their peers and raise issues before the university administration.

Debojit Roy Nibir, a student from Bangladesh and foreign student representative from the old campus, said communication gaps often leave international students struggling to get their problems addressed, particularly those from African and European countries.

"Students coming from different countries are often unfamiliar with whom to approach or how to get their concerns addressed. There is a communication gap between them and the administration, which sometimes leaves them struggling with even basic issues. We want to bridge this gap and ensure no student feels unheard," he said.

To address this, the representatives plan to install a dedicated grievance box where international students can anonymously submit written complaints related to academics, hostels or other campus issues.

AMRIT VICHAR

शोध | लविवि वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. प्रदीप कुमार ने सहयोगी वैज्ञानिकों के साथ खोजा फॉर्मूला

रसोई की बची जूठन और गोबर से जलेगा चूल्हा

कार्यालयसंवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अब घर की रसोई से निकलने वाली जूठन व मवेशियों के गोबर से चूल्हा जलेगा और बिजली बनाई जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. प्रदीप कुमार और उनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने कचरे से कंचन यानी स्वच्छ ऊर्जा बनाने का बेहद सस्ता और कारगर फॉर्मूला खोजा है। इस शोध में किचन वेस्ट और गोबर के मिश्रण से 68.4 फीसदी तक शुद्ध मीथेन गैस तैयार करने में सफलता मिली है।

अरुणाचल प्रदेश स्थित एनईआरआईएसटी और अन्य संस्थानों के साथ मिलकर किए गए इस सहयोगात्मक अध्ययन ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई हलचल पैदा कर दी है। वैज्ञानिकों ने पाया कि यदि रसोई के कचरे और गोबर को अकेले-अकेले इस्तेमाल करने के बजाय 1:1 के बराबर अनुपात में मिलाया जाए, तो गैस उत्पादन की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने ऑक्सीजन की गैर मौजूदगी में सूक्ष्मजीवों की मदद से इन जैविक कचरे का अवायवीय पाचन कराया। इस प्रक्रिया में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। प्रक्रिया शुरू होने के छठे से 12वें दिन के बीच रिएक्टर में सबसे तेजी से बायोगैस बनी।

इस दौरान रसोई कचरे के कार्बनिक तत्वों के तेजी से विघटित होने के कारण गैस बनने की रफ्तार चरम पर रही।

खत्म होगी कचरे और ईंधन की दोहरी समस्या

■ ग्रामीण इलाकों में पशुपालन और घरों से रोजाना भारी मात्रा में गोबर और जैविक कचरा निकलता है। यदि छोटे स्तर के बायोगैस प्लांट लगाकर इस तकनीक को अपनाया जाए, तो एक तरफ खुले में कचरा फेंकने से होने वाली गंदगी रुकेगी और दूसरी तरफ ग्रामीणों को खाना पकाने के लिए मुफ्त और स्वच्छ ईंधन मिलेगा। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि इसे बड़े व्यावसायिक स्तर पर उतारने से पहले फायलट प्रोजेक्ट के जरिए अमोनिया नाइट्रोजन, क्षारीयता और ठोस पदार्थों में कमी जैसे मानकों की लंबी निगरानी जरूरी होगी।



सामान्य तापमान पर हुआ करिश्मा

■ इस तकनीक की सबसे बड़ी और खास बात यह है कि इसके लिए किसी महंगे या कृत्रिम तापमान नियंत्रण यंत्र की जरूरत नहीं पड़ी। वैज्ञानिकों ने यह पूरा प्रयोग 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के सामान्य प्राकृतिक तापमान में सफलतापूर्वक पूरा किया। पाचन के दौरान मिश्रण के पीएच स्तर में भी दिलचस्प बदलाव देखे गए। शुरुआत में यह हल्का क्षारीय रहा, बीच में अम्लीय हुआ और अंत में फिर उदासीन से क्षारीय स्तर पर लौट आया, जो सूक्ष्मजीवों की बेहतरीन सक्रियता का प्रमाण है।

स्कीम | बीटेक, बीफार्मा, एमफार्मा, एमबीए, बीसीए और एमटेक समेत कई पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 23 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की ओर से सोमवार को अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय (फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) और कला संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की समय-सारिणी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं 23 नवंबर से प्रारंभ होकर 21 दिसंबर तक चलेंगी।

अभियांत्रिकी संकाय के अंतर्गत बीसीए तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) और बीफार्मा तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं सबसे पहले 23 नवंबर से शुरू होंगी। वहीं, एमटेक (पार्ट टाइम) तृतीय सेमेस्टर और एमए (प्राचीन भारतीय इतिहास) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। एमए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 3 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। इसके अतिरिक्त बीटेक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 दिसंबर से तथा एमफार्मा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 दिसंबर से शुरू होकर 21 दिसंबर तक चलेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय के पास परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित है। सभी परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी प्रकार के संशोधन की अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.lkouniv.ac.in) का अवलोकन करते रहें।

प्रमुख पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम

पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर	तिथि	समय
बीसीए तृतीय सेमेस्टर (एनईपी)	23 नवंबर से 8 दिसंबर	1:30 से 3:30 बजे
बीफार्मा तृतीय सेमेस्टर	23 नवंबर से 5 दिसंबर	1:30 से 4:30 बजे
एमए (एआईएच) प्रथम सेमेस्टर	2 से 15 दिसंबर	2:00 से शाम 5:00 बजे
एमटेक (पार्ट टाइम) तृतीय सेमेस्टर	2 से 8 दिसंबर	1:30 से 4:30 बजे
एमए (एआईएच) तृतीय सेमेस्टर	3 से 16 दिसंबर	2:00 से 5:00 बजे
एमबीए (फार्मा) प्रथम सेमेस्टर	9 से 21 दिसंबर	1:30 से 4:30 बजे
बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर (नया)	9 से 21 दिसंबर	1:30 बजे से
बीसीए प्रथम सेमेस्टर (ओल्ड)	10 से 21 दिसंबर	9:00 से 11:00 बजे
बीसीए प्रथम सेमेस्टर (एनईपी)	10 से 21 दिसंबर	1:30 से 3:30 बजे
बीटेक प्रथम सेमेस्टर (नया/एनईपी/ओल्ड)	11 से 21 दिसंबर	8:30/9:30 से 11:30 बजे
एमफार्मा प्रथम सेमेस्टर	15 से 21 दिसंबर	1:30 से 4:30 बजे
बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर (ओल्ड)	15 से 21 दिसंबर	1:30 से 4:30 बजे
एमटेक (पार्ट टाइम) प्रथम सेमेस्टर	16 से 21 दिसंबर	1:30 से 4:30 बजे

सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

■ **लखनऊ, अमृत विचार :** लविवि के मुख्य परिसर में सत्र 2026-27 की स्नातक, परास्नातक और अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी के अनुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने के बाद ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। प्रथम पाली के लिए सुबह 7:30 बजे और द्वितीय पाली के लिए सुबह 10:30 बजे से गेट संख्या 1, 3 (विवेकानंद द्वार) और 7 से प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि परीक्षार्थी अपने साथ कोई भी पाठ्य-सामग्री, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या बैग लेकर न आएं। मुख्य द्वार पर चेकिंग के दौरान ऐसी सामग्री मिलने पर उसे बाहर रखवा दिया जाएगा, जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं होगी। यदि परीक्षा कक्ष के भीतर किसी छात्र के पास ऐसी प्रतिबंधित सामग्री पाई जाती है, तो अनुचित साधन प्रयोग (यूएपएम) के तहत उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है। परीक्षा ड्यूटी में तैनात शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए गेट संख्या 1, 3 और 7 पर बने वाहन स्टैंड पर वाहन खड़ा करने की व्यवस्था की गई है।